## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत कल करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

# आज से राजधानी में विद्या भारती के अभ्यास वर्ग की होगी शुरुआत, 700 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल

### शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और 22 विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान का अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सोमवार से शुरू होगा। राजधानी के केरवा डैम रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में 3 से 8 मार्च तक यह वर्ग आयोजित किया जाएगा। रविवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के महामंत्री अवनीश भटनागर ने अभ्यास वर्ग की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 3 मार्च को सुबह 10 बजे डिजिटल एवं मैन्युअल प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द महंत, विश्वास सारंग, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याषण, सहकारिता करेंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन 4 मार्च को सुबह 9 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत करेंगे। 5 मार्च को शाम 7:15 बजे से पंच परिवर्तन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 6 मार्च को ग्राम दर्शन योजना के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को शारदा विहार आवासीय विद्यालय द्वारा संचालित 40 ग्रामों के संस्कार केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा, जिससे वे समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर सकें। इस अभ्यास वर्ग में एनसीईआरटी, सीबीएसई डायरेक्टर, भाषा भारती अध्यक्ष सहित शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और 22 विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे।




### समापन समारोह में वरिष्ठ मार्गदर्शक सुरेश सोनी शामिल होंगे

8 मार्च को अभ्यास वर्ग का समापन समारोह आयोजित होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मार्गदर्शक सुरेश सोनी शामिल होंगे। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत, सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा, श्रीराम आरावकर, प्रादेशिक संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, मोहनलाल गुप्ता, अध्यक्ष सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, शिरोमणि दुबे, प्रादेशिक सचिव सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान पूरे समय उपस्थित रहेंगे।



### एक अच्छा स्किल डेवलपमेंट सेंटर तैयार हो : राव

अखिल भारतीय अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने कहा कि देश के सभी जिलों में एक अच्छा स्किल डेवलपमेंट सेंटर तैयार हो। कल्पना यही है कि स्किलिंग बाय स्कूलिंग यानि शिक्षा के साथ निपुणता की व्यवस्था हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप टेक्नोलॉजी में हमारे शिक्षक गण दक्ष हों। हमारे पास 1 लाख 6 हजार आचार्य हैं, उनको सशक्त करने के लिए यह अभ्यास वर्ग चला रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नए परिवर्तन पर प्रशिक्षण लेकर यह जिला स्तर पर भी कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। महामंत्री अवनीश भटनागर ने कहा कि सा विद्या या विमुक्तये के ध्येय वाक्य के साथ विद्या भारती लगातार शिक्षा और शिक्षण के विकास में योगदान के लिए प्रयासरत है। कार्यकर्ता विकास की दृष्टि से भी अनेक कार्यक्रम होते हैं। पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग इसी श्रृंखला का हिस्सा है। यह वर्ग उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संगठित और प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। अभ्यास वर्ग में देशभर से 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### 9400 से ज्यादा अनौपचारिक शिक्षा केंद्र निःशुल्क



वर्तमान में विद्या भारती भारत के 684 जिलों में 12,098 औपचारिक विद्यालयों का संचालन करती है। इनमें से लगभग 100 विद्यालय आवासीय हैं। 200 से अधिक सीबीएसई और शेष स्थानीय राज्य बोर्डों से सम्बद्ध हैं। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र तक सुदूर दुर्गम तथा जनजातीय क्षेत्रों, महानगरों की सेवा बस्तियों इत्यादि में 9400 से ज्यादा अनौपचारिक शिक्षा केंद्र निःशुल्क चला रही है। इन सभी विद्यालयों में तकरीबन 36 लाख छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उच्च शिक्षा में विद्या भारती 60 महाविद्यालय तथा एक विश्वविद्यालय संचालित करती है।

# RSS chief to open Vidya Bharati training camp in Bhopal tomorrow

**Bhopal:** Rashtriya Swayamsevak Sangh chief Mohan Bhagwat will formally inaugurate a training camp on March 4 for nearly 700 workers of Vidya Bharati Akhil Bharatiya Shiksha Sansthan in Bhopal, a Sangh functionary said on Sunday.

This training camp will be held at Saraswati Vidya Mandir residential school in the Madhya Pradesh capital, he said in a media statement.

Union Minister of Education Dharmendra Pradhan, MP chief minister Mohan Yadav and RSS ideologue and senior advisor to Vidya Bharati Suresh Soni are scheduled to give addresses during the concluding session of the camp on March 8, the RSS functionary.



RSS chief Mohan Bhagwat

A day before the inauguration, MP Sports and Youth Affairs Minister Vishwas Sarang and other dignitaries will on Monday open an exhibition showcasing India's glorious past and promising future at the same venue, he said.

RSS joint general secretary Krishna Gopal will be present throughout the training camp, he said.

The RSS-affiliated Vidya Bharati, a non-governmental educational organisation, has been working in the field of education in the country since 1952 when it established its first school, in Gorakhpur, according to the Sangh.

Vidya Bharati runs 22,000 schools, including single-teacher ones, across the country, the statement said.

These institutes collectively have 1,54,000 teachers and around 3.6 million students, it said.

The RSS-affiliated Vidya Bharati aims to instil modern educational skills and ethical values among students, the statement said.

Tt also manages 60 colleges and one university for higher education, the statement added. PTI

स्वदेश ज्योति

## विद्या भारती का अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग आज से

# राष्ट्रसेवा को समर्पित देशभर के कार्यकर्ताओं का होगा संगम

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल




विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सोमवार 3 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम केरवां बांध मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय में होगा। अभ्यास वर्ग में देश भर से 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता भाग लेंगे, जो राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति, अनुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक बनेंगे। यह जानकारी विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष बी. रामकृष्ण राव तथा अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के महामंत्री अवनीश भटनागर ने पत्रकारों से चर्चा में दी। उन्होंने बताया कि आयोजन के पहले दिन 3 मार्च को सुबह 10 बजे से डिजिटल एवं मैन्युअल प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। इस प्रदर्शनी में भारत के गौरवशाली अतीत एवं उज्जवल भविष्य की झलक दिखाई देगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द महंत, प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग तथा अन्य अतिथियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार 04 मार्च को प्रातः 09: 00 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत करेंगे। अगले दिन 5 मार्च को शाम 07: 15 बजे से पंच परिवर्तन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। वहीं,06 मार्च को ग्राम दर्शन योजना के माध्याम से सभी कार्यकर्ताओं को शारदा विहार आवासीय विद्यालय द्वारा संचालित 40 ग्रामों के संस्कार केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा। जिससे वे समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर सकेंगे।

### समापन 8 मार्च को

छह दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का समापन 8 मार्च को होगा। जिसमें अतिथियों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रेरक उद्बोधन दिये जाएंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश सोनी, वरिष्ठ मार्गदर्शक रहेंगे। इस पूरेआयोजन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णमगोपाल जी, विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री दूसि रामकृष्णे राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत, सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा, श्रीराम आरावकर, प्रादेशिक संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, मोहनलाल गुप्ता, अध्यक्ष सरस्व्ती विद्या प्रतिष्ठान, शिरोमणि दुबे, प्रादेशिक सचिव सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान पूरे समय उपस्थित रहेंगे।

Bhopal Main-Edition Edition
Mar 03, 2025 Page No. 3
Powered by: erelego.com